**M.A. (PART-I)**
**HINDI**
**MODERN PROSE**
**(PAPER-I) (MAY- 2018)**

**QP CODE : 26536**

**(समय: ३ घंटे )** **कुल अंक : १००**

**सूचना :** (१) **प्रथम** एवं **अंतिम** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।
(२) शेष प्रश्नों में से **किन्हीं चार** के उत्तर लिखिए।

१. निम्नलिखित अवतरणों में से **किन्हीं चार** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए। ४०

(अ) ''जहाँ हमारी सुन्दर कल्पना आदर्श का नीड़ बनाकर विश्राम करती है वहीं स्वर्ग है। वहीं विहार का, वहीं प्रेम करने का स्थल स्वर्ग है। और वह इसी लोक में मिलता है।''

(आ) ''नारी भगवान की ऐसी सृष्टि है कि जो अपनी कोमलता के कारण सदा किसी न किसी का सहारा लिए रहती है। जैसे लता को वृक्ष का सहारा चाहिए....।''

(इ) ''तुम्हें भाईयों का डर हो, तो जाकर उनके पैरों पर गिरो। मै किसी से नहीं डरती अगर हमारी बढ़ती देखकर किसी की छाती फटती है तो फट जाय मुझे परवाह नहीं है।''

(ई) ''तुमसे बात करके मैने तुम्हारे अन्दर के इंसान का लहूलुहान चेहरा देख लिया है। मैं उस नेक इन्सान को बचाना चाहता हूँ।''

(उ) ''बस यहीं तक थी तुम्हारी सहानुभूती। इस क्रान्तिवाद के लिए तुम व्याख्यान देते हो यही तुम्हारे इतिहासों का निष्कर्ष है''

(ऊ) ''आपके पास रुपये हैं नहीं हैं। आप कर्ज लेकर शादी का ठाठ बनाएँगे, पर कर्ज़ चुकाएंगे कहाँ से? जब आपने इतना नया कदम उठाया है कि अंतर्जातीय विवाह कर रहे हैं, तो विवाह भी नये ढंग से ही कीजिए।'

२. 'स्कन्दगुप्त' नाटक के नायक 'स्कन्दगुप्त' की मनोदशा पर प्रकाश डालिए। १०

३. 'माधवी' नाटक नारी के त्याग तथा बलिदान की कथा है''– स्पष्ट कीजिए। १०

४. 'गोदान' उपन्यास में चित्रित नगरीय समाज पर प्रकाश डालिए। १०

५. 'जंगल जहाँ शुरू होता है' उपन्यास का प्रतिपाद्य क्या है? विवेचना कीजिए। १०

६. 'हनुमान जी अदालत में' का प्रतिपाद्य क्या है? स्पष्ट कीजिए। १०

७. कहानी कला के तत्वों के आधार पर भीष्म साहनी की 'चीफ की दावत' कहानी की समीक्षा कीजिए। १०

**[TURN OVER**

८. (अ) निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए– १०

(१) गालव को गुरुदेव ने 'गुरु दक्षिणा' जुटाने के लिए किसके पास जाने की सलाह दी?
(२) होरी के भाई का क्या नाम है?
(३) 'निंदा' का उद्‌गम किससे होता है?
(४) 'स्कन्दगुप्त' की माता का क्या नाम था?
(५) रानी महल के डाक बंगले के चौकीदार का क्या नाम है?
(६) होरी के लड़कियों के नाम लिखिए।
(७) स्वामिजी रबड़ी खाकर अपने देह को किसके लिए पुष्ठ बना रहे हैं?
(८) 'चीफ की दावत' कहानी में शामलाल 'माँ' को चीफ के सामने क्यों आने नहीं देता?
(९) 'राष्ट्रनीति', दार्शनिकता और कल्पना का लोक नहीं है।' 'स्कन्दगुप्त' नाटक के किस पात्र ने कहा है?
(१०) गालव कितने सालों तक विद्या ग्रहण करता है?

(आ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए– १०

(१) 'स्कन्दगुप्त' नाटक में 'हूण' आक्रमणकारी का नाम है–
(अ) शर्वनाग (ब) खिङ्गिल
(क) मुद्‌गल (ड) तोरमाण

(२) हमिद की दादी का क्या नाम है?
(अ) शबाना (ब) जायरा
(क) अमीना (ड) शकीरा

(३) गालव के जीवन में माधवी क्या बनकर आयी है?
(अ) संपत्ति (ब) लक्ष्मी
(क) वस्तु (ड) साधन

(४) होरी ने भोला से गाय कितने रुपयों में खरीद ली?
(अ) १०० रुपये (ब) ८० रुपये
(क) ६० रुपये (ड) ४० रुपये

(५) पन्ना देवी की रक्षा करने की प्रतिज्ञा कौन करता है?
(अ) बोधा सिंह (ब) कर्मसिंह
(क) नन्हकू सिंह (ड) बहादूर सिंह

(६) संपूर्ण चम्पारण को डाकुओं से मुक्त करने का बीड़ा किसने उठाया है?
(अ) मिस्टर पी.के. भंडारी (ब) मिस्टर बी. कुमार
(क) गृहमंत्री रायबहादूर (ड) परशुराम

[TURN OVER

(७) ‘मैं इन चरणों से दूर नहीं रह सकता’’ उक्त विधान राम को किसने कहा?

(अ) लक्ष्मण (ब) भरत

(क) हनुमान (ड) परशुराम

(८) प्रेमचंद का पारिवारिक नाम क्या था?

(अ) नवाबराय (ब) धनपतराय

(क) गणपतराय (ड) प्रवीणराय

(९) विक्रमादित्य ने इनमें से किसका विनाश किया था?

(अ) मुगल (ब) द्रविड़

(क) शक (ड) आर्य

(१०) ‘चीफ की दावत’ कहानी के लेखक कौन हैं?

(अ) मुंशी प्रेमचंद (ब) कमलेश्वर

(क) भीष्म साहनी (ड) निर्मल वर्मा

-------------------------------

**M.A. (PART-I)**
**HINDI**
**HISTORY OF HINDI LITERATURE**
**(PAPER-III) (MAY- 2018)**

**Q.P. Code :26967**

**[समय: ३ घंटे]** **[कुल अंक: १००]**

Please check whether you have got the right question paper.

**सूचना:** **१) आठवाँ प्रश्न अनिवार्य है |**
**२) शेष प्रश्नों में से किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए |**

प्र. १) हिन्दी साहित्य के काल-विभाजन एवं नामकरण की समस्या को विवेचित कीजिए | **(१६)**

प्र. २) रासो साहित्य एवं नाथ साहित्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए | **(१६)**

प्र. ३) रामभक्ति काव्यधारा की प्रवृत्तियों को स्पष्ट कीजिए | **(१६)**

प्र. ४) रीति बद्ध काव्यधारा की विशेषताएँ लिखिए | **(१६)**

प्र. ५) प्रगतिवाद काव्यधारा की प्रवृत्तियाँ की विवेचना कीजिए | **(१६)**

प्र. ६) प्रयोगवादी काव्य की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए | **(१६)**

प्र. ७) हिन्दी नाटक की विकास यात्रा को विवेचित कीजिए | **(१६)**

प्र. ८) अ) निम्नलिखित विषयों में से **किन्हीं दो** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए \ **(१०)**

क) जैन साहित्य
ख) संत काव्यधारा
ग) प्रेमचंद युगीन कहानी
घ) रीतिमुक्त काव्य

ब) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए | **(०५)**
१) राहुल सांस्कृत्यायन हिन्दी का पहला कवि किसे मानते हैं?
२) 'पद्मावत्' किसकी रचना है ?
३) बिहारी किस काल के प्रमुख कवि है ?
४) 'कामायनी किस कवि की रचना है?
५) 'दुलाईवाली' कहानी के रचनाकार कौन है?

क) उचित विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए | **(०५)**

अ) चंदायन के रचयिता का नाम बताइए |

१) शेख नबी

२) कुतुबन

३) काशिम शाह

४) मुल्लादाऊद

ब) कौन सी रचना तुलसीदास की नहीं है?

१) बरवै रामायण

२) राम चरित मानस

३) भाषा भूषण

४) पार्वती मंगल

क) 'अष्टयाम' किसकी रचना है ?

१) मतिराम

२) देव

३) जसवंत सिंह

४) पद्माकर

ड) 'झूटा सच' उपन्यास के लेखक का नाम बताइए |

१) यशपाल

२) अमृतलाल नागर

३) प्रेमचंद

४) जैनेंद्रकुमार

ई) इनमे से कौन सा निबंध संग्रह आचार्य शुक्ल का है?

१) आचरण की सभ्यता

२) चिंतामणि

३) विचार और वितर्क

४) प्रियानीलकंठी

***********

**M.A. (PART-I)**
**HINDI**
**OLD AND MDIEVAL POETRY**
**(PAPER-V) (MAY- 2018)**

**Q.P. Code: 40431**

**सूचना : १.पहला एवं आठवाँ प्रश्न अनिवार्य है|**
**२.शेष प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखिए|**

**अवधि : ३ घंटे** **पूर्णांक – १००**

**प्रश्न १ निम्नलिखित अवतरणों में से किन्हीं चार की संदर्भसहित व्याख्या कीजिए :** ४०

क. पल्लव–राज चरण-जुग सोभित, गति गजराजक भाने|
कनक-कदलि पर सिंह समारल तापर मेरु समाने||

ख. घर-घर मंत्र जो देन फिरत हैं माया के अभिमाना|
गुरुवा सहित सिष्य सब बूड़े अंतकाल पछिताना||

ग. बूझि खेल खेलहू एक साधा| हारू न होइ पराएँ हाथा||
आजहु खेल बहुरि कित होई| खेल गएँ कत खेलै कोई||

घ. अब कैसेहु निकसित नहि ऊधो! तिरछे है जूं अड़े|
जदपि अहीर जसोदानंदन तदपि न जात छंड़े||

ड. हर्षित रहहिं नगर के लोगा|
करहिं सकत सुर दुर्लभ भोगा||

च. कहत, नटत, रीझत, खिझत, मिलत, खिलत, लजियात
भरे भौन में करत हैं, नैननु ही सों बात|

प्रश्न २ विद्यापति की शृंगार भावना का सोदाहरण परिचय दीजिए| १०

प्रश्न ३ कबीर की सामाजिक चेतना पर प्रकाश डालिए| १०

प्रश्न ४ सूफी सिद्धांतों के आधार पर पद्मावत की समीक्षा कीजिए| १०

प्रश्न ५ सूरदास के भाषिक सौंदर्य का सोदाहरण परिचय दीजिए| १०

प्रश्न ६ तुलसीदास का युगबोध सोदाहरण स्पष्ट कीजिए| १०

प्रश्न ७ बिहारी की काव्यकला की समीक्षा कीजिए| १०

प्रश्न ८ (अ) **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए|** **१०**

ट. विद्यापति के पिता का नाम क्या था?
ठ. विद्यापति के आराध्य देव कौन थे?
ड. कबीर के अनुसार अवधूत कौन हैं?
ढ. हठयोग किनकी साधना पद्धति है?
ण. 'पारस रूप इहाँ लगि आई' कौन कहता है?
त. नागमति वियोग खंड में नागमति किस स्थान पर है?
थ. सूरदास किसके शिष्य थे?

द. अँखियाँ किसकी भूखी हैं?

ध. रामचरितमानस का पहला कांड कौन सा है?

न. बिहारी के आश्रयदाता का नाम लिखिए|

**(आ) निम्नलिखित प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर एक वाक्य में उत्तर लिखिए|** १०

प. पदावली में किस रस की प्रधानता नहीं है?

i) वियोग शृंगार ii) संयोग शृंगार

iii) भक्ति iv) वीभत्स

फ. विद्यापति को भक्तकवि माननेवाले पहले विद्वान कौन हैं?

i) आचार्य रामचंद्र शुक्ल ii) डॉ. गियर्सन

iii) डॉ. शिवप्रसाद सिंह iv) रामवृक्ष बेनीपुरी

ब. ‘निरंजन’ शब्द विशेष रूप से किसका वाचक है?

i) ब्रह्मा ii) शिव

iii) विष्णु iv) शक्ति

भ. कबीर के पदों में चुनरी किसका प्रतीक है?

i) माया ii) शरीर

iii) आत्मा iv) ब्रह्म

म. मानसरोदक की जलक्रीड़ा में हारने वाला अपनी कौन सी वस्तु देने वाला था?

i) मुद्रिका ii) कंकण

iii) हार iv) नूपूर

य. नागमति वियोग खंड में बारहमासा की शुरुआत किस मास से होती है?

i) चैत्र ii) वैशाख

iii) ज्येष्ठ iv) आषाढ़

र. ‘निर्गुन कौन देस को बासी’ किसका कथन है?

i) कबीर ii) उद्धव

iii) गोपियाँ iv) कुब्जा

ल. अयोध्याकांड के पहले कौन सा कांड आता है?

i) बालकांड ii) अरण्यकांड

iii) किष्किंधाकांड v) उत्तरकांड

व. ‘अनबूड़े, बूड़े, तिरे जे बूड़े सब अंग’ में कौनसा अलंकार है?

i) संदेह ii) विभावना

iii) विरोधाभास iv) श्लेष

श. नहिं पराग नहिं मधुर मधु नहि **......** इहिं काल – पंक्ति पूर्ण कीजिए|

i) प्रकाश ii) विकास

iii) सुबास iv) विनाश

***************

**M.A. (PART-I)**
**HINDI**
**FUNCTIONAL HINDI**
**(PAPER-VII) (MAY- 2018)**

**Q.P. Code :26538**

[समय: तीन घंटे] [ कुल अंक :१००]

Please check whether you have got the right question paper.

N.B: 1. प्रथम सात प्रश्नों में से किन्ही पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए |
2. आठवाँ प्रश्न अनिवार्य है |

प्र.१ प्रयोजनमूलक हिन्दी के विकास में एतिहासिक परिप्रेक्ष्य की विवेचना कीजिए | १६

प्र.२ संविधान के अनुच्छेद ३४३ से ३५१ तक राजभाषा संबंधी प्रावधानों का परिचय दीजिए | १६

प्र.३ हिन्दी भाषा संबंधी राष्ट्रपति के निर्देश तथा राजभाषा आयोग पर प्रकाश डालिए | १६

प्र.४ राजभाषा नीति संबंधी सरकारी संकल्प पर विचार कीजिए | १६

प्र.५ सुचना प्रौद्योगिकी में हिन्दी के प्रयोग पर प्रकाश डालिए | १६

प्र.६ विज्ञापन और प्रमुख जनसंचार माध्यम पर विचार कीजिए | १६

प्र.७ अ. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में लिखिए | १०

१) केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो की स्थापना कब हुई?
२) ओरिइंटल सेमिनरी की स्थापना किसकी अध्यक्षता में हुई?
३) हिन्दी भाषा को राजभाषा के रूप में कब मान्यता प्राप्त हुई?
४) हिन्दुस्तानी प्रचार सभा का मुख्य कार्यालय कहाँ स्थित है?
५) संविधान की आठवीं अनुसूची में कुल कितनी भाषाएँ है?
६) किस अनुच्छेद में देवनागरी लिपि को राजभाषा घोषित किया गया?
७) हिन्दुस्तानी नाम किसने दिया था?
८) टेलीविजन को आकाशवाणी से कब अलग किया गया?
९) नया ज्ञानोदय पत्रिका का सम्पादक कौन है?
१०) टेलीविजन किस तरह का माध्यम है?

ब) सही विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए | १०

१) केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय की स्थापना कब हुई?

क) मार्च १९६० ख) अप्रैल १९६० ग) अगस्त १९६१ घ) अक्टूबर १९६१

२) फोर्ट सेंट जार्ज कोलेज मद्रास की स्थापना कब हुई?

क) १८१८ ख) १८३६ ग) १८५७ घ) १९०५

३) राष्ट्रभाषा प्रचार समिति का मुख्य कार्यालय कहाँ पर स्थित है ?

क) वर्धा ख) नागपुर ग) वाराणसी घ) हैदराबाद

४) अनुच्छेद ३४३ से ३५१ तक भारतीय संविधान के किस भाग में निहित है?

क) भाग ११ ख) भाग १४ ग) भाग १७ घ) भाग २३

५) राजभाषा आयोग की पहली बैठक कब हुई?

क) १५ जुलाई १९५५ ख) २५ जुलाई १९५६ ग) १५ अगस्त १९४७ घ) १४ सितम्बर १९४९

६) राजभाषा के किस आदेशानुसार वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग की स्थापना की गई?

क) २६ अप्रैल १९६० ख) २६ मई १९६० ग) २७ जून १९६० घ) १५ नवम्बर १९६०

७) अनुवाद एक प्रक्रिया है?

क) स्वतंत्र ख) संश्लिष्ट ग) मनोरंजक घ) दूरगामी

८) विज्ञापन में कौन महत्वपूर्ण होता है?

क) क्रेता ख) विक्रेता ग) उत्पादक घ) संचार माध्यम

९) दूरदर्शन के विज्ञापन सेवा की शुरूआत कब हुई?

क) १९६५ ख) १९७१ ग) १९७६ घ) १९९०

१०) अनुवाद के क्षेत्र में भाषा संरचना के जनक कौन थे?

क) नाइडा ख) बाथगेट ग) कैटफार्ड घ) कासाग्रांदे

********************